# सीएम धामी के जन्मदिवस को युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस को प्रदेशभर में युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। सुबह से ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देने वालों का हुजूम लगा रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर आज उन्हें मुख्यमंत्री आवास व मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में प्रदेशभर से आये लोगों ने शुभकामनाएं दी। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर लोगों




की ओर से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।
मुख्यमंत्री ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जन्मदिन के मौके पर लोगों का इतना प्यार पाकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने उनके जन्मदिवस पर शुभकामना प्रेषित करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश उनके जन्म दिवस पर प्रदेशवासियों ने जो आशीर्वाद दिया है, उसके लिए वे प्रदेश की जनता के आभारी है। मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर जन सेवा के लिए लोगों की ओर से किये गये कार्यों के लिए भी उन्होंने आभार व्यक्त किया।
मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिन पर युवसंकल्पदिवस, एक्स पर पर नंबर 1 पर ट्रेंड करता रहा। सोशल मीडिया साइट पर भी मुख्यमंत्री धामी की लोकप्रियता जमकर देखने को मिली। इस दौरान तमाम लोगों ने एक्स पर उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके फलस्वरूप यह हैश टैग नंबर 1 पर ट्रेंड करता रहा।
मुख्यमंत्री धामी के जन्म दिवस पर मुख्यमंत्री आवास में मंत्रीगणों, विधायकगणों, पार्टी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन और दीघार्यु की कामना की।

# नवागत एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताईं अपनी प्राथमिकताएं

**प्राथमिकता**

**▶▶नैनीताल में यातायात का बेहतर प्रबंधन एवं सुरक्षित पर्यटन अनुभव दिलाना उनकी प्राथमिकता में रहेगा**

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के नवागत पुलिस कप्तान, 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रह्लाद नारायण मीणा ने शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में मुख्यालय के पत्रकारों सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और नगर की पुलिस से संबंधित समस्याओं से अवगत होते हुए उनके समाधान के साथ अपनी कार्यशैली और भावी योजनाओं का खाका भी पेश किया।
मीणा ने कहा कि पर्यटन नगरी होने के नाते जिला मुख्यालय नैनीताल में यातायात का बेहतर प्रबंधन एवं यहां आने वाले पर्यटकों को सुरक्षित एवं अच्छा पर्यटन अनुभव दिलाना उनकी प्राथमिकता में रहेगा।
उन्होंने नशे के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं बच्चों के यौन शोषण से संबंधित पॉक्सो अधिनियम सहित विभिन्न विशेष अधिनियमों के मामलों में गुणवत्तायुक्त विवेचना कराने की बात भी कही, ताकि अपराधी छूट न पाएं और उन्हें सजा मिले। बच्चों के नशे एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों की गिरफ्त में जाने के प्रश्न पर श्री मीणा ने कहा कि इन मामलों को पहले समाज को देखना चाहिये, क्योंकि इससे कई बार नासमझ बच्चों का भविष्य पुलिस की कार्रवाई की वजह से प्रभावित हो जाता है। पुलिस इस विषय में जागरूकता फैलाने के लिये भी कार्य करेगी।
मीणा ने पत्रकारों के उपरांत नगर के तल्लीताल व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से अध्यक्ष मारुति नंदन साह के नेतृत्व में एवं नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों से अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट के नेतृत्व में मिलने आये प्रतिनिधिमंडलों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम प्रधान सचिन और जिला पंचायत सदस्य सपना के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिला पंचायत के चुनावों में नामांकन के दौरान फर्जी दस्तावेज दाखिल करने के मामले में मुकदमा दर्ज करने कोर्ट ने आदेश किए हैं।
पिछले दिनों शिवपुरम-पनियाला रोड निवासी संजीव कुमार ने सीजेएम हरिद्वार कोर्ट में शिकायती पत्रों को दाखिल किया और 2022 में बेलड़ा गांव से निर्वाचित ग्राम प्रधान सचिन कुमार व मेहवड़ खुर्द सीट से जिला पंचायत सदस्य सपना चौधरी के नामांकन पत्र में तथ्य छिपाकर फर्जी दस्तावेज दाखिल करने संबंधी कई गंभीर आरोप लगाते हुए मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की थी।
इस पर सीजेएम कोर्ट हरिद्वार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संज्ञान लिया और सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को तत्काल संदिग्ध व आरोपित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने के आदेश दिए।
इसके बाद पुलिस ने तत्कालीन खंड विकास अधिकारी ब्लॉक रुड़की, ग्राम रोजगार सेवक सुशील कुमार, मनरेगा जेई रविंद्र कुमार, ग्राम पंचायत बेलड़ा के मनरेगा लेखाकार मुनेश कुमार चौहान, निर्वाचित ग्राम प्रधान सचिन रोड पुत्र महेंद्र के साथ ही तत्कालीन लेखपाल अरविंद कुमार सैनी, तत्कालीन तहसीलदार, बाल विकास परियोजना अधिकारी ग्रामीण प्रथम व द्वितीय, खाद्य पूर्ति अधिकारी के साथ ही जिला पंचायत सदस्य सपना चौधरी पत्नी रोहित कुमार, रोहित पुत्र सुशील कुमार, सचिन कुमार पुत्र महेंद्र (ग्राम प्रधान), धर्मवीर पुत्र राजेंद्र, कल्पना पत्नी सचिन कुमार व रितु पत्नी धर्मवीर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कल से शुरू होगा आयुष्मान भव: पखवाड़ा

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
आयुष्मान भवः पखवाड़ा कल से दो अक्टूबर तक आयोजित होगा। इस दौरान जिले में छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। एसीएमओ डॉ.उमा रावत ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत जनपद में अभी तक 20 लाख 63 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है।
एसीएमओ ने बताया कि जनपद के प्रत्येक हेल्थ वेलनेस सेंटर स्तर पर 17 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक आयुष्मान मेले का भी आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 17 सितम्बर को रविवार के दिन और इसके बाद प्रत्येक शनिवार को आयुष्मान मेला लगाया जाएगा। जनपद में संचालित 86 उपकेन्द्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में 1376 मेले एवं 39 पीएचसी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में 624 मेलों का आयोजन किया जाएगा।
इस प्रकार आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत जनपद में दो हजार मेलों में आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, जनजातीय क्षेत्रों में स्किल सेल जांच, मातृ एवं शिशु टीकाकरण, गैर संचारी एवं संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से संबंधित गंभीर बीमारी वाले मरीजों का श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के सहयोग से विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से उपचार किया जाएगा।
ग्राम सभा वार्ड स्तर पर स्वच्छता एवं पोषण समिति के माध्यम से दो अक्टूबर से आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न बीमारियों से ठीक हुए लोगों के अनुभव साझा किए जाएगे। शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, टीबी और गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग वाले ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा।
आयुष्मान भवः पखवाड़े के दौरान प्रत्येक विधान सभा में 10 ब्लड डोनेशन शिविर और ई-रक्तकोष पंजीकरण भी किए जाएंगे। पखवाड़े के दौरान अंगदान के लिए शपथ और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराया जाएगा।

### विवेकानंद फांउडेशन ने लगाया तीन दिवसीय जांच शिविर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर तीन दिवसीय निशुल्क डेंगू, यूरिक एसिड एवं मधुमेह जांच शिविर लगाया है।
इस शिविर की मोबाइल जांच टीम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सचिन गुप्ता और फाउंडेशन के संरक्षक, भाजपा कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, पूर्व महामंत्री संगठन कैलाश पंत ने किया।
आयोजन के पहले दिन इस सचल शिविर में 300 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया।

## सोबन सिंह जीना अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देश पर आज सोबन सिंह जीना बेस हॉस्पिटल में जिला विकास प्राधिकरण की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें नगर निगम, जिला विकास प्राधिकरण, तहसील हल्द्वानी, एसडीएम कोर्ट, सिटी मजिस्ट्रेट ऑफिस, ट्रांसपोर्ट नगर, शिक्षा विभाग के तमाम कर्मचारी रक्तदान कर डेंगू की बीमारी के दौरान रक्त और प्लेटलेट्स की कमी को दूर करने के मुहिम में लगे हुए हैं।
इस रक्तदान के कार्यक्रम का शुभारंभ हल्द्वानी मेयर जोगेंद्र रौतेला एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने किया। इसमें विभाग के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

# पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत श्री सम्मान से गया नवाजा

**जयंती**

**▶▶भूदेव लखेड़ा की 98वीं जयंती पर उन्हें भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।**



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, टिहरी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व पंचायतों के पुरोधा नेता दिवंगत भूदेव लखेड़ा की 98वीं जयंती पर जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर पंचायतों के बेहतर काम करने एक दर्जन पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत श्री सम्मान से नवाजा गया।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भूदेव लखेड़ा जनपद टिहरी गढ़वाल स्मृति मंच ने स्व भूदेव लखेड़ा की जयंती को पंचायत श्री सम्मान समारोह के रूप में मनाते हुए पंचायत श्री सम्मान से जिला पंचायत के उपाध्यक्ष रहे राजेंद्र सिंह असवाल, पूर्व जिपंस देवी सिंह पंवार, जिपंस सनवीर बेलवाल, पूर्व ज्येष्ठ उप प्रमुख चंबा नरेंद्र चंद रमोला, पूर्व क्षेपंस राजेश नौटियाल, क्षेपंस राकेश राणा, प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी, प्रमुख प्रतापनगर प्रदीप चंद रमोला, प्रमुख नरेंद्रनगर राजेंद्र भंडारी, थौलधार के पूर्व कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप पंवार, तल्ला उप्पु के प्रधान नरेंद्र राणा, भिलंगना के ग्राम मयकोट के प्रधान वीर पाल सिंह को प्रशस्ति पत्र व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।
इस मौके पर स्व लखेड़ा के पुत्र अनिल लखेड़ा का शाल ओढ़ाकर कार्यक्रम में सम्मान किया गया।
भूदेव लखेड़ा स्मृति के अध्यक्ष पूर्व ब्लॉक प्रमुख और पूर्व जिला पंचायत सदस्य जोत सिंह बिष्ट ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक सर्वपक्षीय मंच है। इसमें तीनों स्तर की पंचायतों में बेहतर कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधि साथियों को जन सहयोग से सम्मानित किया जाता है।
आज के कार्यक्रम में हमारे विद्वान साथियों की तरफ से प्राप्त सुझावों के अनुरूप आगामी वर्ष से कार्यक्रम का विस्तार करते हुए इसमें पंचायत के अलावा निकाय में अच्छा काम करने वाले प्रतिनिधियों को भी चिन्हित करके सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम को प्रचार प्रसार करने में अपना योगदान देने वाले मीडिया के साथियों में से प्रतिवर्ष दो लोगों को सम्मानित किया जाएगा।लंबे समय से भूदेव लखेड़ा स्मृति मंच के महासचिव का दायित्व निभा रहे पूर्व क्षेपंस शान्ति प्रसाद भट्ट ने कहा कि स्व भूदेव लखेड़ा ने जवानी के दिनों में राजशाही से मुक्ति के लिए संघर्ष किया और फिर आजाद भारत में टिहरी के विकास एवं पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करने के लिए जीवन पर्यन्त काम किया।

# भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र : वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. पंकज गर्ग

**स्वास्थ्य प्रतिरक्षा**

**▶▶जलवायु कार्रवाई, सतत विकास और वैश्विक स्वास्थ्य प्रतिरक्षा जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
महंत इन्द्रेश अस्पताल के डॉक्टर पंकज गर्ग ने वैश्विक पत्रिका में भारत की वैश्विक भूमिका पर विवाद को न केवल नकारा है बल्कि इसका जोरदार प्रतिवाद किया है। कैंसर के वरिष्ठ विशेषज्ञ डा.



पंकज गर्ग ने शनिवार को कहा है कि वैश्विक पत्रिका दा लैंसेट ने संपादकीय में भारत की भूमिका पर नकारात्मक टिप्पणी की गई है। उन्होंने कहा है कि इसमें भारत की स्वास्थ्य, शिक्षा और अर्थव्यवस्था में आवश्यक सुधार की भारत की प्रतिबद्धता को हाई लाइट किया गया है। साथ ही जी-20 जैसे वैश्विक मंचों में भारत की सक्रिय भागीदारी को भी उजागर किया गया है।
डॉक्टर पंकज गर्ग ने बताया कि भारत की जी-20 की प्राथमिकताएं समावेशी और प्रतिरक्षा विकास के आसपास हैं। जलवायु कार्रवाई, सतत विकास और वैश्विक स्वास्थ्य प्रतिरक्षा जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित है।

## स्कूल की दीवार पर लटका हुआ मिला युवक का शव

**रुड़की/टीम एक्शन इंडिया**
सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के बेलड़ी गांव में आज सुबह सौरभ नाम के एक युवक का शव स्कूल की दीवार से लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने जब शव को देखा गया तो क्षेत्र में हड़कंप बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सौरभ के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। बेलड़ी गांव निवासी सौरभ नाम का युवक शुक्रवार से लापता था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की थी, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया था। इसके बाद सौरभ का शव आज बेलडी गांव के स्कूल की दीवार से लटका हुआ मिला।

# पारदी गैंग का गुलेलबाज 50 हजार का इनामी गिरफ्तार



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पारदी गैंग के गुलेलबाज 50 हजार के इनामी बदमाश को विक्रम एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने हरिद्वार में अपने साथियों को पुलिस से छुड़ाने के दौरान एक पुलिस कर्मी की गुलेल से आंख फोड़ दी थी।
शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि आपरेशन प्रहार के अनुपालन में एसटीएफ ने जनपद हरिद्वार से वांछित चल रहे 50 हजार के ईनामी बदमाश विक्रम को सीआरपीएफ कैंप के पास नोएडा दादरी रोड से गिरफ्तार कर लिया।
उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में जनपद हरिद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रही नकबजनी की वारदातों के अनावरण किए जाने को जनपद पुलिस प्रयासरत थी। इस दौरान 26 मई को रात लगभग 2.30 बजे रानीपुर थाने की चीता पुलिस के दो जवान एक संदिग्ध अपराधी को पकड़ कर पूछताछ कर रहे थे। तभी अपराधी के 3 अन्य साथियों ने अचानक आकर चीता पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया। इसमें से एक अपराधी ने चीता पुलिस कर्मियों पर गुलेल से हमला कर एक जवान की आंख में गंभीर चोट और दूसरे के सीने पर प्रहार कर घायल कर फरार हो गये थे।
जांच के दौरान सामने आया कि यह घटना पारदी गैंग के लोगों ने की है जो इन दिनों हरिद्वार के अलग-अलग क्षेत्रों में नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बताया कि उक्त बदमाशों में से एक विक्रम पुत्र भूरा घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।
गिरफ्तार आरोपित ने पूछताछ में बताया गया कि उनका सात लोगों का गैंग था, जिसने 2022 में जनपद हरिद्वार के थाना कनखल, रानीपुर, सिडकुल में नकबजनी की कई वारदातों को अंजाम दिया था। उसने बताया कि एक रात को जब वे लोग शिवालिक नगर हरिद्वार में एक घर में चोरी करने के लिए घुसे थे तो उसी समय दो पुलिस वाले गश्त करते हुए अचानक से आ गये और उन्होंने हमें देख लिया। उन्होंने हमें पकड़ने का प्रयास किया।

# कार दिलाने के नाम पर की आनलाइन चार लाख की ठगी

**जांच शुरू**

**▶▶ चार लाख रुपये गंवाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आनलाइन कार खरीदने के चक्कर में चार लाख रुपये गंवाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।
शनिवार को अजबपुर कला निवासी दामिनी रतूड़ी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने कजिन के विवाह के लिए एक कार इनोवा हाई क्रॉस खरीदने के लिए ऑन लाइन प्लेटफार्म पर इंटरनेट के माध्यम से जानकारी हासिल कर रही थी। अचानक एक अनजान व्यक्ति गौरव मिश्रा ऑनलाइन उसके संपर्क में आ गया, जिसने उसको अपनी बातों से विश्वास दिलाया कि वो कार डीलर है।
बाजार में उक्त कार आसानी से उपलब्ध नही हो रही थी। अधिक समय तक इतंजार करना पड़ता है, उक्त व्यक्ति ने उसको विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर बहुत ही आकर्षक ऑफर के साथ उक्त कार उपलब्ध करवा देने का आश्वासन और यकीन दिलाकर उससे कार की कीमत के बयाना के रूप में ऑनलाइन अपने बैक एचडीएफसी उद्योग विहार गुरु ग्राम हरियाणा शाखा के अपने नाम के अकाउंट नंबर आईएफएससी कोड में उससे 16 जून 2023 को, यह विश्वास दिलाकर कि 28 जून 2023 से पूर्व ही निश्चित रूप से उक्त कार उसको उपलब्ध करवा देगा।चार लाख रुपये शाम को 06 बजकर 09 मिनट पर इनईएफटी के माध्यम और 17 जून 2023 को एक लाख रुपये बुद्वा मोटर्स, पटना के एसबीआई बैक के खाते में ट्रांसफर करवा लिए। फिर 26 जून 2023 से गौरव मिश्रा ने उसके ऊपर दबाव बनाया कि वह उक्त गौरव मिश्रा के व्यक्तिगत बैंक खाते में दस लाख रुपये जमा करवा दे। उसने कहा कि वह पहले उक्त कार के बुकिंग और डिलीवरी की रसीद उसको उपलब्ध करवा दे और साथ के साथ पैसे ले ले या शो रूम के खाते में पैसे जमा करवा लें। इसके बाद गौरव मिश्रा ने उसकी फोन कॉल उठानी ही बंद कर दी। इस प्रकार गौरव मिश्रा ने उसके साथ धोखा कर के उसके चार लाख रुपये हड़प लिए और उसको बेहद आर्थिक, मानसिक तनाव कारित कर दिया है।

# सफाई अभियान चलाकर कचरा मुक्त भारत की संकल्पना को करें साकार: डीएम

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित करते हुए ह्यकचरा मुक्त भारतह्न की संकल्पना को साकार किया जाए।
डीएम हिमांशु खुराना ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, अस्पतालों, सार्वजनिक स्थानों, चारधाम यात्रा मार्ग और धार्मिक और पर्यटक स्थलों पर जन सहभागिता से मिशन मूड में वृहद स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाए।



उन्होंने कहा कि लीगेसी वेस्ट यानी पुराना कूडा पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक होता है। यात्रा मार्गो एवं प्रमुख स्थानों पर लीगेसी वेस्ट का भी निस्तारण किया जाए। सभी एसडीएम अपने स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें।
परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितम्बर को पूरे जनपद में स्वैच्छिक श्रमदान से वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 18 को राज्य स्तर पर स्वच्छता ही सेवा का औपचारिक शुभारंभ, उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को सम्मान और स्वच्छता गीत का विमोचन किया जाएगा। 27 को सफाई मित्रों के लिए शिविर लगाकर स्वास्थ्य सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। 27 सितम्बर को ही सबके सहयोग और श्रमदान से पर्यटक स्थलों एवं मेला स्थलों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। एक अक्टूबर को समस्त विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर में स्वच्छता रैली एवं विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर अधिकाधिक ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठक में स्वच्छता की शपथ ली जाएगी। स्वच्छता पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों एवं विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. दीपक सैनी, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, डीपीआरओ आरएस गुंजियाल आदि मौजूद थे।

# नशे की सौदागर आरोपित महिला को शिवपुरी कैंप से गिरफ्तार

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के अभियोग में फरार नशे की सौदागर आरोपित महिला को शिवपुरी कैंप से गिरफ्तार कर लिया है।
ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक खुशीराम पांडे ने बताया कि 14 सितंबर को भैरव मंदिर के पीछे ऋषिकेश से एक विधि विवादित किशोरी को स्मैक के साथ पुलिस संरक्षण में लिया गया था। उसने बताया गया था कि स्मैक उसे रेखा साहनी देती है और इसकी बिक्री करवाती है। इसके पश्चात रेखा साहनी को धारा



29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत उक्त अभियोग में वांछित किया गया था। इसके बाद से ही आरोपित अपने आवास से फरार थी।
पांडे ने यह भी बताया कि आरोपित के विरुद्ध पूर्व में भी कोतवाली ऋषिकेश में एनडीपीएस एक्ट एवं आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कई अभियोग पंजीकृत हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी, शाह और योगी सहित कई नेताओं ने धामी को जन्मदिन पर दी बधाई

**जन्मदिन की बधाई**

**कई केंद्रीय मंत्रियों, नेताओं और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने धामी को जन्मदिन की बधाई दी है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिन पर बधाई देते कहा है कि आप उत्तराखंड के विकास के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं।
इसके अलावा कई केंद्रीय मंत्रियों, नेताओं और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने धामी को जन्मदिन की बधाई दी है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर अपने ट्वीट संदेश में शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, "उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी युवाओं की आकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्तराखंड के विकास के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।"





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपके मार्गदर्शन में हम उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उत्तराखंड के प्रति आपके विशेष लगाव और चुनौतियों का सामना करने में आपका सानिध्य मुझे सदैव "सशक्त उत्तराखण्ड" के लक्ष्य की प्राप्ति को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करता है।
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री धामी को जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि देवभूमि के विकास और जनता के कल्याण के लिए आप ऐसे ही निरंतर समर्पित भाव से कार्य करते रहें। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना करता हूं।
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवभूमि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी को कर्मठ राजनेता, कुशल वक्ता बताते हुए कहा कि बाबा केदारनाथ से दीघार्यु जीवन की कामना की है।
केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, गजेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. मनसुख सिंह मांडविया, गिरिराज सिंह, जितेंद्र सिंह, जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्व सरमा, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रह्लाद सिंह पटेल,पेमा खांडू, सर्वदानंद सोनेवाल, तरुण चुघ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए भगवान से स्वस्थ, सुखी और दीघार्यु जीवन की कामना की है।

# चंबा में कार और मैक्स की भिड़ंत में एक की मौत, पांच घायल

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
चंबा-मसूरी सड़क मार्ग पर जड़ी पानी के पास कार और मैक्स वाहन के आपसी भिड़ंत में कार अनियंत्रित होकर खाई जा गिरी, जिससे कार चालक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस,एसडीआरएफ और ग्रामीणों ने घायलों को खाई से निकालकर चंबा पीएचसी में भिजवाया है। प्राथमिक उपचार के बाद तीन गंभीर घायलों को ऋषिकेश एम्स अस्पताल रेफर किया गया है।
थानाध्यक्ष चंबा एलएस बुटोला ने बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे चंबा-मसूरी हाइवे पर जड़ी पानी के पास एक कार और मैक्स वाहन की आपसी टक्कर में कार अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।
इस दुर्घटना में कार चालक तुषार पांडे (29) निवासी पालम दिल्ली की मौके पर मौत हो गई, जबकि बृज किशोर (32) पुत्र कप्तान सिंह निवासी महिपालपुर दिल्ली,



बंटी (28) पुत्र अनिल मिश्रा निवासी बदरपुर दिल्ली, विकास बिष्ट (28) आनंद सिंह निवासी राजनगर, गाजियाबाद- यूपी और मैक्स वाहन चालक किशोरी लाल (42) पुत्र ज्योति मिस्त्री, लक्ष्मी देवी (36) पत्नी किशोरी लाल निवासी नगुंधार कुटियाल गांव टिहरी दुर्घटना में घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस, एसडीआर की टीम ने ग्रामीणों की मद्द से घायलों को खाई से निकालकर 108 एंबुलेंस सेवा से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंबा में भिजवाया।

# युवा मोर्चा चमोली ने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर की मैराथन दौड़

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता युवा मोर्चा चमोली की ओर से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिहं धामी के जन्मदिन के सुअवसर पर शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में मैराथन दौड़ का आयोजन किया।
युवा मोर्चा की ओर से आयोजित मैराथन दौड़ में नगर के युवक-युवतियों ने प्रतिभाग किया गया। इसमें बालक वर्ग में दिगम्बर कुंवर प्रथम, विजय द्वितीय, रोहित तृतीय रहे जबकि बालिका वर्ग में ईशा प्रथम, सरोजनी द्वितीय, निशा तृतीय रही। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 31सौ, 21सौ, 11सौ रुपये का नगद पुरस्कार दोनों वर्गों में दिया गया। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, नंदन बिष्ट, संदीप रावत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष महावीर रावत, महामंत्री कुलदीप नेगी, उपाध्यक्ष संजय कुमार, जिला महामंत्री दीपक भट्ट आदि मौजूद थे।



# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा कार्यालय पर में हुआ हवन-पूजन



**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस के अवसर पर हवन-पूजन हुआ।
कार्यक्रम में नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम महापौर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट , सुरेश भट्ट, प्रकाश रावत, अनिल कपूर डब्बू, प्रकाश हबोर्ला, नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल और समस्त भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीघार्यु होने की कामना की।

# मामूली कहासुनी में निकले हथियार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बहादराबाद टोल प्लाजा पर मामूली कहासुनी पर हथियार निकल गए और हमला करने की कोशिश की गई। टोल प्लाजा पर हुए झगड़े का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। घटना शुक्रवार की देर शाम की बतायी जा रही है।
दरअसल टोल प्लाजा के कर्मचारियों का लोकल व्यक्ति से टोल लेने का विवाद इतना बढ़ गया कि धारदार हथियार तक निकाल लिए गए। इसके बाद टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने मामला शांत कराया। इसका सीसीटीवी वीडियो काफी वायरल हो रहा है। इस दौरान टोल कर्मचारियों पर स्थानीय एक व्यक्ति धारदार हथियार से हमला करने की कोशिश करता दिखा। इस दौरान टोल के कर्मचारी उसे शांत कराते हुए भी दिखे।
बहादराबाद थाना प्रभारी रविंद्र शाह ने बताया कि फिलहाल कोई भी लिखित शिकायत किसी पक्ष के द्वारा थाने में नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



# शांतिकुंज में समर्थ सक्रिय कार्यकर्ता शिविर का शुभारंभ



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में उत्तर एवं पश्चिमोत्तर जोन के सक्रिय समर्थ कार्यकताओं का पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर शांतिकुंज के वरिष्ठ कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर युगऋषि पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के चित्रों पर पुष्प अर्पण किया।
उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय जोन समन्वयक डॉ. ओपी शर्मा ने कहा कि उदार, सेवा, प्रेम, सहानुभूति आदि जैसे सद्गुणों के समुच्चय का नाम भगवान है। उनका आशीर्वाद, संरक्षण, मार्गदर्शन पाना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपनी पात्रता को विकसित करें। भगवान अपने साथ साझेदारी एवं उनके कार्य करने वाले को निरंतर संरक्षण प्रदान करते हैं।
उन्होंने कहा कि एक घर में रहने वाला एक अर्जुन बन जाता है, तो दूसरा दुर्योधन। अंतर मात्र पात्रता, विश्वास और विचार का है। केन्द्रीय जोन समन्वयक ने कहा कि सन् 2026 माताजी का जन्मशताब्दी वर्ष है। जन्मशताब्दी वर्ष तक समाज को विकसित व समुन्नत बनाने के लिए हम सभी को धैर्य के साथ संकल्पित होकर कार्य करना है।
इस अवसर पर माताजी का विशेष वीडियो संदेश दिखाया गया, जिसमें माताजी ने आत्मीयता के साथ संगठित होकर कार्य करने के लिए मार्गदर्शन किया। शिविर समन्वयक ने बताया कि पांच दिन चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में कुल बारह सत्र होंगे। इस दौरान प्रतिभागियों को अखिल विश्व गायत्री प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या, संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी का भी मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही प्रतिभागियों को जन्मशताब्दी वर्ष 2026 तक की कार्य योजना पर विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

# सपा उत्तराखंड में सभी निकाय चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेगी : शंभू प्रसाद

**आरोप**

**भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तराखंड में विकास के मामले में पूरी तरह फेल हो गई है : शंभू प्रसाद पोखरियाल**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तराखंड में विकास के मामले में पूरी तरह फेल हो गई है। इसका उदाहरण हाल ही में बागेश्वर चुनाव के दौरान भाजपा को मिले वोट ने साबित कर दिया है। समाजवादी पार्टी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।




प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सपा पूरे उत्तराखंड में स्थानीय निकायों के चुनाव में सभी स्थानों पर साइकिल के चुनाव निशान के साथ ही अपना उम्मीदवार उतारेगी और लोकसभा के चुनाव में इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ा जाएगा।
उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लोग भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से परेशान हो गए हैं जो धर्म की राजनीति के आधार पर लोगों को विभाजित कर रही है।
इसे देखते हुए लोग समाजवादी पार्टी से आशा जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में समाजवादी पार्टी की कुछ गलत नीतियों के कारण पार्टी का ग्राफ गिरा है। इसे देखते हुए अब राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में लोगों का विश्वास हासिल किया जाएगा और उसके परिणाम भी सामने देखने को मिलेंगे।
उन्होंने कहा कि लोगों को अपने साथ जोड़ने और उनका विश्वास हासिल करने के लिए हमें मैदान में उतरने की आवश्यकता है। व्हाट्सएप की राजनीति अभी हमारे पहाड़ों में पूरी तरह हावी नहीं है। वार्ड स्तर पर समाजवादी पार्टी का गठन किया जाएगा।
पत्रकार वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राजपाल यादव समाजवादी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष हेमा वोहरा, गंगा शरण यादव, रामबाबू यादव, श्रीमती ज्योसना रावत ,जिला अध्यक्ष मधु रानी राजपूत, दीपक कुमार, सतेंद्र सिंह भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर वितरित किया नारियल पानी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकताओं ने बीमारों को नारियल पानी का वितरण किया।
इसके पीछे रोगियों को स्वस्थ बनाने की भावना है।
भाजपा के वरिष्ठ नेता विशाल गुप्ता ने कोरोनेशन अस्पताल पहुंचकर मरीजों को नारियल पानी वितरित कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दीघार्यु की कामना की।
विशाल गुप्ता ने कहा कि युवा मुख्यमंत्री धामी का आज जन्मदिन है और इस अवसर पर हमने डेंगू की बीमारी को देखते हुए मरीजों को नारियल पानी वितरित किया और मरीजों से उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा कि यह माना जाता है नारियल पानी पीने से प्लेटलेट्स बढ़ती है।



# विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम हिंदी है : शाह

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हिंदी दिवस के मौके पर अपने संबोधन में कहा कि भारत, विविध भाषाओं का देश रहा है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम हिंदी है। भारत एक ऐसा देश है जहाँ भाषाओं और संस्कृतियों का बेजोड़ संगम देखने को मिलता है। हिंदी को जनत्रांत्रिक भाषा का दर्जा भी मिल चुका है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि जन-जन की भाषा हिंदी ने पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश भर में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों को एकसूत्र में पिरोने का कार्य किया। आजादी के बाद हिंदी की महत्त्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए संविधान निमार्ताओं ने 14 सितंबर, 1949 के दिन ही हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। मोदी की दूरदर्शी सोच और शाह के मार्गदर्शन में आज सभी भारतीय भाषाओं के माध्यम से गरीब हितैषी योजनाओं को लागू कर गरीबों और वंचितों का कल्याण किया जा रहा है। देश में राजभाषा में हुए कार्यों की समय-समय पर समीक्षा के लिए संसदीय राजभाषा समिति का गठन किया गया था ताकि सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की जा सके। 2014 तक इस रिपोर्ट के 9 खंड ही सौंपे गए थे, लेकिन शाह के कुशल प्रबंधन में महज 4 वर्षों के अंदर 3 खंड प्रस्तुत किए जा चुके हैं। 2019 से सभी 59 मंत्रालयों में हिंदी सलाहकार समितियों का गठन किया जा चुका है।
आज देश के विभिन्न क्षेत्रों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने की दृष्टि से अब तक कुल 528 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन भी किया जा चुका है। लंदन, सिंगापुर, फिजी, दुबई और पोर्ट-लुई में भी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर बदरी-केदार धाम सहित मंदिरों में महाभिषेक और हवन, पूजा

**बदरीनाथ/ केदारनाथ /टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर बदरीनाथ धाम में महाभिषेक और केदारनाथ धाम में रुद्राभिषेक, यज्ञ- हवन हुआ। इसके अलावा मंदिर समिति के सभी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई।
इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी के आरोग्यता, दीघार्यु और प्रदेश के सुख-समृद्धि की कामना की गयी। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार और सभी सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई दी है।
बदरीनाथ धाम में मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिन पर नाम गोत्र से प्रातः भगवान बदरीविशाल में महाभिषेक पूजा हुई। रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने पूजा की। बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार महाभिषेक में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल वेदपाठी रविन्द्र भट्ट राजेंद्र सेमवाल,विवेक थपलियाल, अनसुया नौटियाल सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी हुआ।
केदारनाथ धाम में मुख्यमंत्री के नाम गोत्र से भगवान केदारनाथ का रुद्राभिषेक और हवन किया गया। भैरवनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना और हवन हुआ। इस दौरान पुजारी शिवलिंग और मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, कार्याधिकारी आरसी तिवारी, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, प्रबंधक अरविंद शुक्ला, ललित त्रिवेदी,मृत्यंजय हीरेमठ सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।
इसी तरह पंचकेदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में भगवान ओंकारेश्वर की पूजा-अर्चना अभिषेक किया गया। इस मौके पर पुजारी शिवशंकर लिंग, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार नौटियाल और प्रशासनिक अधिकारी रमेश नेगी मौजूद रहे। नृसिंह मंदिर जोशीमठ में मुख्यमंत्री के नाम गोत्र से नृसिंह बदरी की विशेष पूजा-अर्चना हुई। इस मौके पर पुजारी हनुमान प्रसाद डिमरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विजेंद्र बिष्ट एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दीपक नौटियाल तथा नृसिंह मंदिर प्रभारी संदीप कपरवाण मौजूद रहे।
सिद्धपीठ कालीमठ में मुख्यमंत्री के नाम गौत्र से पूजा की गई। इस दौरान वेदपाठी रमेश भट्ट, तीर्थपुरोहित सुरेशानंद गौड़, प्रबंधक प्रकाश पुरोहित, मठापति अबल सिंह राणा, श्रीकृष्ण देवशाली मौजूद रहे।
बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि द्वितीय केदार मद्महेश्वर, तृतीय केदार तुंगनाथ, विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी, त्रिजुगीनारायण मंदिर, योग बदरी पांडुकेश्वर, गोपाल मंदिर नंदप्रयाग, नव दुर्गा मंदिर टिहरी, चंद्रवदनी मंदिर कारगी चौक देहरादून, भविष्य बदरी मंदिर सुभाई तपोवन( जोशीमठ), वृद्ध बदरी मंदिर सदगुरु धाम सेरा भरदार (टिहरी) में मुख्यमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना हुई।



G20
**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
मुरादाबाद मंडल द्वारा मंडल के देहरादून, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, रुड़की एवं शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्पीकर द्वारा वाणिज्य विज्ञापन (पैसेंजर अनाउंसमेंट सिस्टम) के अनुबंध को आवंटित करने हेतु निविदा www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 06.10.2023 है।
2878/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

